## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री 9 फरवरी दुर्ग, कांकेर और गरियाबंद जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 9 फरवरी को दुर्ग, कांकेर और गरियाबंद जिले के दौरे पर रहेंगे। बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भिलाई-3 दुर्ग से दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 12.30 बजे पाटन पहुंचेंगे और वहां देवांगन सामाजिक भवन में आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव में शामिल होंगे। बघेल 2.15 बजे कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर पहुंचेंगे और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में लयांग लयोर करसाना पंडुम (खेल युवा महोत्सव) के समापन समारोह में शामिल होंगे। बघेल शाम 5 बजे गरियाबंद जिले के राजिम पहुंचेंगे और वहां रात 7 बजे राजिम माघी पुन्नी मेले का उद्घाटन करने के बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री निवास के लिए रवाना होंगे।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा जन सुनवाई 13 फरवरी को

**रायपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की शिकायतों के संबंध में जन सुनवाई आगामी 13 फरवरी गुरुवार को सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में होगी।

### एमडीआरटी के लिये लियाफी ने किया मोती मोटवानी का सम्मान

**रायगढ़ (आरएनएस)।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ताओं की राष्ट्रीय संस्था लियाफी ने अपने उत्कृष्ट अभिकर्ताओं को सम्मानित करते हुए अन्य अभिकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशाल सम्मान समारोह का आयोजन बिलासपुर की होटल इंटरसिटी के लॉन में आयोजित किया। जिसमें उन्होंने अपने सभी टीओटी ,सीओटी और एमडीआरटी अभिकर्ताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर रायगढ़ के सुप्रसिद्ध कर एवं निवेश सलाहकार मोटवानी बंधुओं में से मोती मोटवानी ने उक्त सम्मान प्राप्त किया। लियाफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी शंकर शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव सिद्धिनाथ सिंह बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे लियाफी मंडल अध्यक्ष इमरान आलम वरिष्ठ मंडल प्रबंधक कुंतल कुमार की उपस्थिति में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मोती मोटवानी ने यह सम्मान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि व्यवहार कुशल और अपने पेशे के प्रति समर्पित मोती मोटवानी 5 बार इस इस गोलमेज सम्मेलन के लिए अहर्क हुए हैं और लगातार तीसरी बार एमडीआरटी अहर्क हो कर उन्होंने हैट्रिक लगाई है। इस अवसर पर मोती मोटवानी ने कहा कि हम पालिसी धारकों के अमूल्य विश्वास पर मैं सदा खरा उतरने का प्रयास करते हैं और कोशिश करते हैं कि मोटवानी कंसलटेंसी से जुड़े सभी निवेशक एक ही छत के नीचे निवेश के प्रत्येक माध्यम के लिए हमारी सेवाएं प्राप्त करते रहे। मोती मोटवानी ने कहा कि रायगढ़ के भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय द्वारा अपने पालिसी धारकों को जो सेवाएं प्रदान की जाती है वह प्रशंसनीय हैं अभिकर्ताओं द्वारा अपने बीमा धारकों को सदैव उत्कृष्ट सेवाएं दी जाती रही है यही वजह है कि निजी क्षेत्र में भी कई बीमा कंपनियां आने के बाद भी निवेशकों का विश्वास भारतीय जीवन बीमा निगम पर बना हुआ है और हम इसे हमेशा कायम रखेंगे।उनके सम्मान पर उनके इष्ट मित्रों परिजनों पॉलिसी धारकों अभिकर्ता साथियों और अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उन्हें बधाइयां प्रेषित की गई हैं।

### शान्ति सरोवर में महापौर और पार्षदों का स्वागत समारोह आज

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजनीतिक सेवा प्रभाग द्वारा विधानसभा रोड पर स्थित शान्ति सरोवर में नवनिर्वाचित महापौर, सभापति एवं पार्षदों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। यह समारोह रविवार 9 फरवरी को शाम 6 बजे रखा गया है। समारोह में राजधानी को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में मेरी प्राथमिकता विषय पर महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे और ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी का उद्बोधन होगा। समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी करेंगी। इस दौरान बाल कलाकारों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। स्वप्निल कुस्तर्पण स्वच्छता मिशन से सम्बन्धित गीत प्रस्तुत करेंगे तथा कुमारी शारदा नाथ स्वागत गीत गाएंगी।

# सरकार की पहली प्राथमिकता आदिवासियों का विकास-मंत्री लखमा

**» बदल रहा अबूझमाड़, लिखी जा रही विकास की नई इबारत » जिले को मिली 262 करोड़ की सौगात**




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न राज्यों के हजारों धावक तथा केन्या के आए धावक भी 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' दौड़ में शामिल हुए। लोगों का यह जज्बा दिखाता है कि अब अबूझमाड़ में भय का नहीं बल्कि शांति का वातावरण बन रहा है।

अबूझमाड़ बदल रहा है, यहां अब विकास की ईबारत लिखी जा रही है। ऐसा हम नहीं, इस क्षेत्र के लोग और बाहर से आने वालों के मुख से सुनी जा रही है। सरकार की पहली प्राथमिकता आदिवासियों के साथ ही उनके क्षेत्र का विकास करना है। अबूझमाड़ के लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उक्त बातें आज यहां ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के पुरस्कार वितरण एवं निर्माण कार्यो के लोकार्पण-भूमिपूजन-शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने आये आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने जनता को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के आते ही कई वर्षों से अबूझ रहे इस क्षेत्र में अब राजस्व सर्वे का काम शुरू किया जा रहा है। जिससे लोगों को अब उनकी भूमि का मालिकाना हक मिलने में आसानी होगी। मंत्री कवासी लखमा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। यहां की भौगोलिक विषम परिस्थितियों के कारण कई समस्याएं हैं। इसके कारण यहां के युवाओं को रोजगार, के साथ ही विवाह समारोह आदि में भी दिक्कतें होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं। इस क्षेत्र में अब छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और विदेशी लोग भी दौड़ने और अबूझमाड़ की कला संस्कृति को समझने-देखने आने लगे हैं। यहां के लिए यह सुखद बात है। क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। इससे इस ईलाके का ही नहीं बल्कि पूरे बस्तर क्षेत्र का विकास होगा। अब अबूझमाड़ में आवागमन के साधन सुगम और सरल हो गये हैं। लोग एक स्थान से दूसरे स्थान तक सरलतापूर्वक पहुंच रहे हैं। मंत्री कवासी लखमा द्वारा इस मौके पर लगभग 262 करोड़ के निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया । हितग्राहियों को राज्य सरकार की योजना के तहत् विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया।

## चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 2.29 लाख परिवारों को 100 दिनों का रोजगार

**» इस वर्ष 10.80 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजित, 83 फीसदी लक्ष्य पूरा**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) में जरूरतमंद परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने में लंबी छलांग लगाई है। इस मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अब दूसरे स्थान पर आ गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रदेश में अब तक दो लाख 28 हजार 976 मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस मामले में केवल राजस्थान ही छत्तीसगढ़ से आगे है। विगत दिसम्बर माह में छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर था।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने मनरेगा में लगातार अच्छे कार्यों के लिए विभागीय अमले को शाबाशी दी है। मनरेगा में राज्य के अच्छे प्रदर्शन को देखकर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए इसका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन जारी रखने कहा था ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर छत्तीसगढ़ प्रथम तीन राज्यों में अपनी जगह पक्की कर सकें। उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति के करीब दो महीना पहले प्रदेश अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 से 7 फरवरी 2020 तक 22 लाख 43 हजार परिवारों को रोजगार दिया जा चुका है। इस दौरान कुल 10 करोड़ 80 लाख 18 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है।

## सार्वजनिक स्थानों में खुलेआम शराब पीने वालों पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर शहर में सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब सेवन करने वालों पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक एस.एन. सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया।

इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास, सर्किट हाउस रोड बड़े रामपुर तथा ढिमरापुर चौक पर खुले में शराब पीते पाए गए लोगों पर आबकारी एक्ट की धारा 36-च के तहत कार्यवाही की गई है साथ ही कोतवाली टी.आई. एस.एन. सिंह द्वारा पियक्डो को समझाइश दिया गया है कि अगली दफा सार्वजनिक स्थानों में शराब पीते पाए गए तो प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जावेगी।

आरोपीगण जिन पर हुई कार्यवाही-

1- फूल सिंह भूमिया पिता स्वर्गीय ईश्वर से ही भूमिया 45 वर्ष निवासी ग्राम खैरपुर लोहार बस्ती थाना कोतरारोड

2- महेश लोहार पिता आसाराम लोहार 32 वर्ष निवासी ग्राम खैरपुर लोहार बस्ती थाना कोतरारोड

3- जगत राम राठिया पिता छत्तर सिंह राठिया उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम नवापारा बांगुरसिया थाना चक्रधरनगर

4- जगदेव प्रधान पिता संतोष प्रधान उम्र 45 वर्ष निवासी बंगुरसिया हमीरपुर रोड थाना चक्रधरनगर

5- शैलेंद्र दीक्षित पिता कमलेश दीक्षित उम्र 30 वर्ष निवासी इंदिरानगर गणपति बिहार के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़

6- समीर लकरा पिता प्रभु दान लकड़ा उम्र 32 वर्ष वार्ड क्रमांक 6 अशोक विहार कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़

## सारंगढ़ थाना क्षेत्र में सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर अभियान के तहत हुई कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ थाना प्रभारी निरीक्षक ए.के. खान के नेतृत्व में दिनांक 07.02.2020 को थानाक्षेत्र में सट्टा-पर्ची लिखने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया।**

इस दौरान ग्राम नवरंगपुर में अजित कुमार सिदार ऊर्फ भूरू पिता नंदू सिदार उम्र 30 वर्ष साकिन नवरंगपुर थाना सारंगढ, ग्राम मल्दा ब में राजेश पटेल पिता देवचरण पटेल उम्र 39 वर्ष साकिन मल्दा ब थाना सारंगढ तथा चुरेला कुर्राहा तालाब चौक के पास दिनेश महिलाने पिता तीजराम महिलाने उम्र 30 वर्ष साकिन चुरेला (कुर्राहा) थाना सारंगढ तीनों आरोपियों से जुमला 3850 रूपये नगद एवं सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 4(क) सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

## अम्बेडकर आवास के पास जुआ खेल रहे युवकों को चक्रधरनगर पुलिस ने पकड़ा, जुआ एक्ट की कार्यवाही




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर टाऊन पेट्रोलिंग द्वारा दिनांक 07.02.2020 के शाम मुखबिर सूचना पर आई.टी.आई. कालोनी अम्बेडकर आवास खण्डहर मकान के पास जुआ खेल रहे लोगों को घेराबंदी कर जुआ रेड किये, पुलिस को मौके पर जाते देखकर कुछ जुआड़ियान भाग गये, पकड़ाये गये जुआड़ियान (1) सावन कुमार देवांगन पिता रामजी लाल देवांगन उम्र 38 वर्ष (2) राजेश बसंतवानी पिता वेदप्रकाश बसंतवानी उम्र 48 वर्ष (3) जयदीप यादव पिता जगन्नाथ यादव उम्र 36 वर्ष सभी आई.टी.आई. कालोनी थाना चक्रधरनगर के फड एवं पास से जुमला रकम 2540 रू., 52 पत्ती तास एवं एक फट्टी बोरी जप्त किया गया है। इन पर थाना चक्रधरनगर में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### जुटमिल से बालिका लापता




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल में दिनांक 08/02/2020 को 17 वर्ष 04 माह की नाबालिक बालिका के लापता होने की रिपोर्ट बालिका के पिता द्वारा दर्ज कराया गया है। बालिका के पिता ने बताया कि घर में नही था इलाहाबाद गया था। बड़ी लड़की और बेटा घर पर थे। दिनांक 05/02/2020 के रात्रि करीबन 10-11 बजे घर से बालिका कहीं चली गई, तब लड़के ने फोन कर बताया। बालिका को काफी पता तलाश किये, पता नहीं चला। बालिका के गुम रिपोर्ट पर थाना कोतवाली, चौकी जुटमिल में अप.क्र. 126/2020 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 9 फरवरी को करेंगे राजिम माघी पुन्नी मेला का शुभारंभ



**रायपुर।** आस्था, अध्यात्म एवं संस्कृति के त्रिवेणी संगम राजिम में माघ पूर्णिमा 9 फरवरी से पुन्नी मेला आरंभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल माघ पूर्णिमा 9 फरवरी से महाशिवरात्रि 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस मेले का शाम 7 बजे मुख्य मंच राजिम में उद्घाटन करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के धर्मस्व,पर्यटन, गृह, जेल, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। समारोह साधु-संतो के पावन सानिध्य में प्रारंभ होगा। शुभारंभ समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर अग्निपीठाधीश्वर बम्हाऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज, अमरकंटक, महंत रामसुन्दर दास महाराज अध्यक्ष राजीव लोचन मंदिर, राजिम, मंहत साध्वी प्रज्ञा भारती संरक्षक वेदरतन सेवा प्रकल्प छत्तीसगढ़, संत गोवर्धनशरण महाराज सिरकट्टी आश्रम, संत विचार साहेब, कबीर आश्रम नवापारा, ब्रम्हाकुमारी पुष्पा बहन, नवापारा सहित साधु-संत की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर राज्य केबिनेट के मंत्रीगण टीएस सिंहदेव, रविन्द्र चौबे, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मोहम्मद अकबर, डॉ शिवकुमार डहरिया, श्रीमती अनिला भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्रकुमार, उमेश पटेल, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल, अजय चन्द्राकर, डमरूधर पुजारी, डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव एवं नगर पालिका परिषद् गोबरा नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी और नगर पंचायत राजिम की अध्यक्ष श्रीमती रेखा राजू सोनकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेंगी।

राजिम माघी पुन्नी मेला के प्रथम दिवस 9 फरवरी को प्रातः विशेष पर्व स्नान से पुन्नी मेला का आगाज होगा।

इस दिन विशाल पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। मेले में प्रतिदिन शाम 4 बजे से छत्तीसगढ़ी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाम 6 बजे महानदी आरती का आयोजन किया जायेगा। वहीं मुख्य मंच मे शाम 5:30 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

## डायल 112 इवेंट...

### अज्ञात कारणों से युवक ने किया कीटनाशक का सेवन बरमकेला राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम लोधिया में दिनांक 08.02.2020 को भोर करीब 03:30 बजे रहने वाले 21 वर्षीय प्रह्लाद सिदार पिता विजय सिदार निवासी लोधिया द्वारा कीटनाशक का सेवन कर लेने पर घरवालों द्वारा डायल 112 को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट दिया गया। इवेंट पर ईआरव्ही वाहन से आरक्षक खेमलाल चौहान, कृष्णा थाना बरमकेला पीड़ित के घर जाकर उसे वाहन सीएचसी बरमकेला में लाकर भर्ती कराया है ।

### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत धरमजयगढ़ राइनों को रोड एक्सीडेंट का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दोपहर करीब 15:00 बजे धरमजयगढ़ राइनो को लक्ष्मीपुर चौक के पास दो मोटरसाइकिलों के आपस में भिड़ंत होने का इवेंट मिला। इवेंट पर आरक्षक देवनारायण भगत थाना धरमजयगढ़ मौके पर पहुंचा जहां मोटरसाइकिल पर सवार बिहानी चक्रधारी पिता रूपसाय चक्रधारी उम्र 22 साल निवासी जमरडीह, रजनी एक्का पिता विदुर एक्का 22 साल निवासी लक्ष्मीपुर तथा दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार रामदेव माझी उम्र 30 साल और उसकी लड़की धनेश्वरी मांझी उम्र 3 साल निवासी कमराई थाना कापू को चोटें आई थी आरक्षक देवनारायण भगत द्वारा आहतों कोई आरव्ही वाहन से सीएचसी धर्मजयगढ़ में लाकर भर्ती कराया गया है।

## प्रदेश में अब तक 2127 गौठान का निर्माण पूर्ण

**» गौवंश के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए गौठान योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई मजबूत**

**रायपुर। राज्य सरकार द्वारा गौवंश के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए प्रदेश के सभी गांवों में गौठान बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत प्रदेश में अब तक 2127 गौठान बनाए जा चुके हैं। साथ ही आवश्यकता के अनुसार नवीन गौठान बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।**

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन से जहां सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिला है, वही ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई है। राज्य शासन द्वारा निर्मित किए जा रहे इन गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा गोबर से गमले, दिये, जैविक खाद तथा जैविक कीटनाशक दवाईयां इत्यादि का उत्पादन किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है, वही ये समस्त उत्पाद इको फ्रेंडली होने के साथ-साथ उपयोगी भी साबित हो रही है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार हेतु पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं तथा पशु पालकों की उद्यमिता से प्रदेश में गौवंशी और भैंसवंशीय पशुओं की नस्ल में सुधार हुआ है। गाय का गोबर फसलों के लिए सबसे उत्तम खाद है। गाय का गोबर और गौमूत्र औषधि का काम करती है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुर्रा भैंस पालतु भैंस की एक प्रजाति है, जो दुध उत्पादन के लिए पाली जाती है। यह मूलतः पंजाब की नस्ल है, किन्तु अब प्रदेश में भी पशु पालकों द्वारा इसे पाला जा रहा है।

नस्ल सुधार हेतु मुर्रा भैंसे की भी देखरेख और संवर्धन अच्छे तरीके से की जा रही है। सारागांव के शंकर लाल टण्डन द्वारा मुर्रा नस्ल के दो भैंसे बादशाह और कर्ण तैयार किए गए हैं, जो किसान मेला 2018 में हरियाणा से लाए गए आकर्षण का केन्द्र रहे युवराज भैंस के समकक्ष है। इन भैंसों को तुलसी बाराडेरा में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृषि मेला 2020 में प्रदर्शन के लिए लाया जाएगा।

## जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन 14 फरवरी को




**रायपुर।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के बाद 14 फरवरी को सभी जिलों में जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन, निर्वाचन की अधिसूचना के प्रकाशन तथा प्रथम सम्मिलन आयोजित करने के लिए समय-सारणी और दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 14 फरवरी को जिला पंचायत सदस्यों का सम्मिलन आयोजित किया जाएगा और इसी दिन उनके निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी की जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों को 14 फरवरी को ही जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की जाएगी। जिला पंचायतों का प्रथम सम्मिलन (विशेष) 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

## संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत आज करेंगे सिरपुर महोत्सव का शुभांरभ

**» मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

**रायपुर।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले एक दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन कल 09 फरवरी को दोपहर 12¬30 बजे से आयोजित होगा। संस्कृति एवं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सिरपुर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुन्द विधायक विनोद चंद्राकर, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, बसना विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह, सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद उपस्थित रहेंगे। सिरपुर महोत्सव में मनमोहक एंव रंगारंग लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480